महोपाध्याय श्रीशान्तिचन्द्रगणि-विरचितः

कृपारसकोशः ॥



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जगद्गुरु-हीर-स्वर्गारोहण-चतुःशताब्दी ग्रन्थमाला-२

अर्हम् ॥

महोपाध्याय श्रीशान्तिचन्द्रगणि-विरचितः

कृपारसकोशः ॥

आद्य संपादक : अनुवादकः

पुरातत्त्वाचार्य मुनि जिनविजयजी

परिशिष्टादिना समलंकृत्य पुनः संपादकः

पं. शीलचन्द्रविजय गणि

प्रकाशकः

श्रीजैन ग्रन्थप्रकाशन समिति

खंभात

ई. १९९६ सं. २०५२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृपारसकोश : श्रीशान्तिचन्द्रगणिकृतः

पुनःसंपादन : पं. शीलचन्द्रविजय गणि

आवरण चित्रपरिचय : जगद्गुरु श्री हीरविजयसूरीश्वरजी का तैलचित्र

प्रकाशक : श्रीजैन ग्रन्थ प्रकाशन समिति, खंभात
शाह शनुभाई कचराभाई
कापडिया बाबुलाल परसोत्तमदास
जीराला पाडो, खंभात - ३८८ ६२०
© सर्वाधिकार सुरक्षित

ई. १९९६ वि.सं. २०५२
प्रति : ५००
मूल्य : रु. ४०/-

प्राप्तिस्थान :
सरस्वती पुस्तक भण्डार
११२, हाथीखाना, रतनपोल
अमदावाद-३८० ००१

मुद्रक : पारिजात प्रिन्टरी - अमदावाद

आर्थिक सौजन्य

श्री कारेलीबाग श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ,
वडोदरा - १८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपादक का प्राक्कथन

जगद्गुरु श्रीहीरविजयसूरिजी के अन्तेवासी एवं वाचकरत्न श्रीसकलचन्द्र गणि के शिष्य महोपाध्याय श्रीशान्तिचन्द्रगणि द्वारा रचे गये ग्रन्थ 'कृपारसकोश' की यह संशोधित आवृत्ति जिज्ञासुओं एवं अभ्यासीओं के करकमलोंमें अर्पण करते हुए आज प्रसन्नताकी अनूभूति हो रही है।

मुघल सम्राट् अकबरकी प्रशस्ति के रूपमें रचा गया यह ग्रन्थ इसलिये महत्त्वपूर्ण है कि इस की रचना एक जैनमुनिने की है। सामान्यतया जैन मुनि विशिष्ट प्रयोजन के अलावा कभी किसी सम्राट् की प्रशस्ति करना नहीं चाहते, नहीं करते। फिर यह तो ठहरा म्लेच्छ या यवन सम्राट्! इस की प्रशस्ति जैन साधु भला क्यों करेगा?

करेगा, अवश्य करेगा, क्योंकि यह व्यक्ति कोई सामान्य या परंपरागत ढंग का एकांगी मुस्लिम शासक नहीं था, यह तो था मूलतः क्रूर होते हुए भी सत्संग व धर्मभावना के प्रभाव से अहिंसा व धर्मसहिष्णुता के सद्गुणोंका धनी एक परम उदार सम्राट्। इसने जैन मुनियों के समागम में आने के बाद जो दयाभरपूर कृत्य किये, वह ऐसे थे कि जिससे न केवल जैनधर्मियोंके, अपितु हिन्द की समस्त हिन्दुप्रजा के चित्तमें एक तरह की शांति व स्वस्थताकी लहर पसर गई थी। उनके ऐसे सत्कृत्योंकी अनुमोदना के वास्ते ही श्रीशांतिचन्द्र गणि जैसे महाविद्वान संतने अपनी कलम उठाई, जिसका सुफल है यह "कृपारसकोश"।

इस ग्रंथ के विषय का विस्तृत परिचय पाने के लिये तो मूल संपादक मुनि श्रीजिनविजयजीने लिखी विस्तृत भूमिका ही पढनी होगी। उन्होंने कृति का भाषान्तर भी पृष्ठ भाग में लिख दिया है, वह भी कृतिके अंतरंग परिचय पाने में उपयुक्त सिद्ध होगा।

यह कृतिका प्रथम संपादन व प्रकाशन मुनि जिनविजयजीने ई. १९१७ में भावनगर की जैन आत्मानंद सभा के माध्यम से किया। यह प्रकाशन आज तो अलभ्य ही है, किन्तु तत्कालीन संपादन व मुद्रणकला का एक उत्कृष्ट नमूना है यह पुस्तक, इसमें कोई सन्देह नहीं।

ई. १९५९ में आ. श्रीविजयसमुद्रसूरीश्वरजी-प्रेरित, आगरा स्थित श्री जैन आत्मानंद पुस्तक प्रचारक मंडल द्वारा इस ग्रंथ का यथावत् पुनर्मद्रण हुआ है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु वह जिज्ञासुओं को अज्ञात व अलभ्य ही रहा है। आज तो उसकी भी प्राप्ति अशक्य है।

वि. सं. २०५२ का वर्ष, जगद्गुरु श्रीहीरविजयसूरि दादा के स्वर्गारोहण की चतुर्थ शताब्दीका मंगल एवं स्मरणीय वर्ष है। वि. सं. १६५२ में भाद्रपद शुक्ल एकादशी के दिन, ऊना (सौराष्ट्र) में उनका कालधर्म हुआ था। उस घटना के इस साल ४०० वर्ष पूर्ण हो रहे है। चतुःशताब्दी के इस स्मरणीय अवसर के उपलक्ष्य में जगद्गुरुश्री के साथ संबद्ध साहित्य का प्रकाशन-पुनर्मुद्रण-संपादन-संशोधन करने का भाव मनमें जागा, और इस भाव को सिद्ध करने की दिशा में डग भरते हुए "जगद्गुरु-हीर-स्वर्गारोहण-चतुःशताब्दी ग्रंथमाला" का प्रारंभ करके, उन ग्रंथमाला के प्रथम पुष्परूपेण स्व.मुनि श्रीविद्याविजयजी-लिखित "सूरीश्वर अने सम्राट्"- नामक, आज अप्राप्य ग्रंथ का प्रकाशन किया गया। प्रस्तुत ग्रंथ उसी ग्रंथमाला का द्वितीय पुष्प है।

इस प्रकाशन की दो विशेषताएं यह है कि इस कृति के पुनः संपादन के लिए चार नवप्राप्त निम्नलिखित हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया गया है।

१. प्र. श्रीकान्तिविजयजी संग्रह-बडौदा की प्रति, क्रः १८५३
अनुमानतः १७ वें शतककी लिखित।

२. मुनिश्री हंसविजयजी संग्रह - बडौदाकी प्रति, क्रः ७८४
२० वें शतक की लिखित। शायद प्रथम क्रमांकित प्रति की प्रतिलिपि।

३. मांगरोल जैन संघ-ज्ञानभंडार की प्रति। संभवतः १७वें शतककी, और अन्य दो की अपेक्षा अधिक शुद्ध।

४. प्र. कान्तिविजयजी संग्रह - पाटण, क्रः ७/१८८
२०वें शतककी लिखित प्रति।

इनमें से तीसरे क्रमांककी प्रति पाठशोधनमें अधिक उपयुक्त सिद्ध हुई है। इन प्रतियों के आधार से मुद्रित वाचना में अच्छा संशोधन हो सका है, जो अध्येताओं के लिए द्रष्टव्य व आनन्दप्रद हो सकेगा ऐसी श्रद्धा है।

दूसरी बात यह है कि कुछ परिशिष्ट इस मुद्रण में सामिल कर दिए गये हैं। श्लोकसूचि व विशेषनामसूचि तो ठीक ही है, किन्तु विशेष ध्यान देने योग्य है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम के दो परिशिष्ट, जिसमें दो नई अप्रकाशित कृतियां छापी गई है। चूंकि इस कृपारसकोश के कर्ता शान्तिचन्द्र वाचक है, इसलिए उन्हीं की एक अप्रकट व अज्ञात ''हीरविजयसूरि स्वाध्याय'' नामक प्राकृत गाथाबद्ध लघुकृति यहां दी गई है। इस कृति की मूल प्रति मांगरोल संघ के भंडार में हैं। दूसरे परिशिष्ट में 'अकबर सहस्र नाममाला' नामक कृति दी गई है। सहस्र नाम-विषयक रचनाएं देवताओं व देवियों के बारे में तो अनेक उपलब्ध है ही। किन्तु कोई गृहस्थ या राजाकी सहस्रनामावली मिलें, यह मेरे ख्याल में शायद प्रथम ही है। इस कृतिकी एकमात्र प्रति बडौदा-श्रीहंसविजयजी शास्त्रसंग्रह में है। अशुद्ध तो बहुत है, फिर भी रसिकता की दृष्टि से इसका विशेष मूल्य है। यद्यपि इस कृति में कर्ता का नामोल्लेख कहीं भी नहीं है, तो भी आन्तर-परीक्षण से स्पष्ट है कि कोई जैन मुनि की ही यह रचना है।

आशा है कि संशोधित-संवर्धित इस पुनर्मुद्रणमें विद्वानों को रस पडेगा।

इस ग्रन्थ के पुनर्मुद्रण की संमति व अपने संग्रह की एकमात्र किताब उपयोगार्थ देने के लिए भावनगरस्थित जैन आत्मानंद सभा के कार्यवाहकों का आभारी हूं।

पुस्तक-संशोधनार्थ अपने स्वाधीन भंडारों की हस्तप्रतियां की झेरोक्ष कोपियां भेजने के लिये, श्री आत्मारामजी जैन ज्ञानमंदिर-बडौदा, श्रीहेमचन्द्राचार्य ज्ञानभंडार-पाटन एवं श्री तपगच्छ जैन संघ भंडार-मांगरोल के कार्यवाहकों का मैं विशेषरूप से ऋणी हूं।

पुस्तक का सुचारु मुद्रणकार्य सम्हालने वाले श्री पारिजात शाह (पारिजात प्रिन्टरी)का भी स्मरण होता है।

अंत में, जगद्गुरु श्री की पावन स्मृतिमें किया गया यह प्रकाशन सकल श्रीसंघ के करकमलों में समर्पण।

१-१-९६

- *शीलचन्द्रविजय*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

प्रास्ताविक कथन १

कृपारसकोशः ३६

कृपारसकोशका संक्षिप्तसार ५८

परिशिष्ट १. वाचकशान्तिचन्द्रगणिरचित श्रीहीरविजयसूरिस्वाध्यायः ॥ ७०

परिशिष्ट २. अज्ञातकर्तृक अकबरसहस्रनाममाला ॥ ७१

परिशिष्ट ३. 'कृपारसकोश' गतानां पद्यानां सूचिः ॥ ७७

परिशिष्ट ४. 'कृपारसकोश' गतविशेषनाम्नां सूचिः ॥ ८०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अकबर बादशाह जगद्गुरु हीरविजयसूरि का स्वागत कर रहे हैं।

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

प्रास्ताविक कथन।

भारतवर्ष के मुसलमान बादशाहों में अकबर के जैसा प्रजाप्रिय बादशाह और कोई नहीं हुआ। इस महान् मुगल-संम्राट् के राज्य-चातुर्य और विचार-औदार्य से शिक्षित जगत् सम्यक् तया परिचित है। इस के ऐश्वर्यशाली और प्रतापवान् जीवन का थोडा बहुत परिचय भारत के प्रत्येक विद्यार्थी को अवश्य कराया जाता है। इसी महान् नृपति के उदार-हृदय-मंदिर में दया-देवी की शाश्वत स्थापना करने के लिये, देवी के परम-उपासक और जैनश्वेताम्बर संप्रदाय के प्रभावक आचार्य श्रीहीरविजयसूरि के सुप्रतिष्ठित विद्वान् शिष्य श्रीशान्तिचन्द्र उपाध्याय ने, कृपा-करुणा रूप रस-अमृत के कोश-निधि समान इस ''कृपारसकोश'' की रमणीय रचना की है। अकबर के समान श्रीहीरविजयसूरि का भी जीवन, धार्मिक-दृष्टिसे, बडा ऐश्वर्यशाली और तेजोमय था। विद्वानों का समुदाय सूरिमहाराज के पवित्र चरित्र से भी बहुत कुछ परिचित है-नहीं तो होना चाहिए।

बादशाह अकबर के और आचार्य श्रीहीरविजयजी के चरित्र के विषय में अधिक उल्लेखन करने की यहां पर जगह नहीं है;-तो भी प्रस्तुत पुस्तक के कृपारस-कोश के-साथ संबंध रखने वाले इतिहास का ''प्रास्ताविक कथन'' कहे विना पाठकों को इस दया रस के सुंदर सरोवर की मंद और मधुर लहरों का पूर्ण आनन्द नहीं आ सकता; इस लिये, इस शीर्षक नीचे वही लिखा जाता है।

जगद्गुरुकाव्य * में लिखा है कि– अकबर बादशाह एक दिन फतहपुर के शाही महल में बैठा हुआ राजमार्ग का निरीक्षण कर रहा था। इतने में एक बडा भारी जुलूस उस की नज़र नीचे हो कर निकला जिसमें एक स्त्री सुन्दर वस्त्र पहने हुए और फलफूलादि के कुछ थाल सामने रक्खे हुए, पालखी में सवार हो कर

---

* यह काव्य, श्रीहीरविजयसूरि अकबर के दरबार से वापस लौट कर जब गुजरात की ओर आ रहे थे, तब उन के आगमन के समाचार को सुन कर पंडित पद्मसागरगणि ने, काठियावाड के मंगलपुर (मांगलोर) में - संवत १६४६ के आस पास - रच कर, सूरिजी को भेंट के रूप में अर्पण किया था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जा रही थी। बादशाह ने यह देख कर अपने नौकरों से पूछा कि यह कौन हैं और कहां पर जा रही है ? जवाब में नौकरों ने अर्ज़ की कि यह कोई जैन श्रीमन्त श्राविका[+] है जिसने छः महिने के कठिन उपवास किये हैं। इन उपवासों में केवल गर्म पानी पीने के सिवा – सो भी दिन ही में – और कोई भी चीज मुंह में नहीं डाली जाती है। आज जैनधर्म का कोई त्यौहार (पर्व) है इस लिये, यह बाई अपने जैनमंदिर में दर्शन करने के लिये इस उत्सव के साथ जा रही है। बादशाह को यह सुन कर आश्चर्य हुआ; परंतु इस बात पर विश्वास नहीं आया। उसने तुरन्त बाई को अपने पास बुलाया और उसकी आकृति तथा वाणी का ध्यान पूर्वक निरीक्षण किया। यद्यपि बाई के तेजस्वी वदन और निर्दोष वचन को देख-सुन कर उसे, उस के विषय में बहुत कुछ सत्य प्रतीत हुआ तथापि पूरी जाँच करने के लिये उस ने बाई को अपने ही किसी एकांत मकान में रहने की आज्ञा दी। साथ में विश्वासु नौकरों को यह सूचना दी गई कि इस की दिनचर्या का बडी सावधानी के साथ अवलोकन किया जायँ और यह क्या खाती-पीती है इस की पूरी तलास ली जायँ। कोई महिना डेढ महिना इस तरह की जाँच-पडताल करते निकल गया, परंतु उस तपस्विनी की विशुद्ध वृत्ति में किसी प्रकार की दंभ का स्वप्न भी न आया। यह जान कर अकबर के आश्चर्य का पार नहीं रहा। वह उस श्राविका के पास प्रेमपूर्वक जाकर, प्रणाम के साथ बोला कि – "हे माता ! तू इतना कठिन तप क्यों और कैसे कर सकती है ?" तपस्विनी ने केवल इतना ही उत्तर दिया कि– "महाराज ! यह तप केवल आत्महित के लिये किया जाता है और साक्षात् धर्म की मूर्ति समान महात्मा हीरविजयसूरि जैसे धर्मगुरुओं की सुकृपा का एक मात्र फल है।" बादशाहने अपने अपराध की क्षमा माँग कर अच्छे आदर के साथ उस तपस्विनी श्राविका को अपने स्थान पर पहुँचाया। अकबर बडा सत्यप्रेमी और तत्त्वरसिक था। इस लिए वह क्या हिंदु और क्या मुसलमान, क्या ख्रीस्ती और क्या पारसी; सभी धर्मों के ज्ञाताओं को अपने दरबार में बुलाता और उन के धर्म और तत्त्व

[+] इस का नाम अन्यान्य प्रबंधों में 'चंपा' लिखा है और शेठ थानसिंह, जो अकबर का मान्य साहुकार था, के घराने में से बताई गई है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञान के विषय में बहुत कुछ नाना प्रकार के प्रश्न कर अपना ज्ञान बढाता था। जो बातें उसे ठीक लगतीं उन का स्वीकार भी करता था। हीरविजयसूरि का नाम सुनते ही उसे, उन से मिलने की प्रबल उत्कंठा हो आई। सूरिमहाराज के विषय में बादशाह ने अपने अधिकारियों से, वे कैसे और कहां पर रहा करते हैं, इस बारे में पूछगाछ की। * इतिमादखान - गुजराती - जो अपने गुजरात के अधिकार काल में, सूरिजी से अनेक वार मिला था और उन के पवित्र जीवन से बहुत कुछ परिचित था - ने बादशाह से सूरिराज के संबंध में विशेष बातें कहीं; तथा उन का विहार स्थान, जो अधिकतया गुजरात था, बताया । अकबर ने उसी समय मेवडा जाति के मौंदी और कमाल नाम के अपने दो खास कर्मचारियों को बुला कर, अहमदाबाद के तत्कालीन सूबेदार (गवर्नर) शहाबुद्दिन अहमदखाँ के नाम पर एक फरमान पत्र लिख कर, गुजरात की ओर रवाना किये। इस फरमान में बादशाह ने सूबेदार को यह लिखा था कि- जैनाचार्य श्रीहीरविजयसूरि को, बडे आदर के साथ अपने पास- (दरबार-ए-अकबरी में) भेज दें। शहाबुद्दीन ने यह फरमान पाते ही अहमदाबाद के प्रधान प्रधान जैन श्रावकों को अपने पास बुलाये और उन्हें अकबर का वह फरमान दिखा कर सूरिमहाराज को, फतहपुर जाने के लिए प्रार्थना करने की आज्ञा दी। सूरिजी उस समय गंधार-बंदर (जो भरुच जिले में, खंभात की खाडी के किनारे पर, बसा हुआ है और आज कल वेरान पडा है) में चातुर्मास रहे हुए थे। इस लिये श्रावक लोक गंधार पहुंचे और अकबर के आमंत्रण का सारा हाल कह सुनाया। साथ में, अपनी ओर से वहां पर जाने की प्रार्थना भी की। सूरिमहाराजने सोचा कि अकबर बडा सत्य-प्रिय है इस लिए उस के पास जाने से और सदुपदेश देने से बहुत कुछ लाभ हो सकता है। धर्म की ख्याति के साथ देश की भलाई भी हो सकती है। यह विचार कर, सूरिजीने श्रावकों

---

* इतिमाद खान, इ. स. १५५४ से १५७२ तक, गुजरात के सुलतान अहमदशाह २ रे और मुजफ़र शाह ३ रे के समय में, गुजरात के राज्य-कार्य में अग्रगण्य अमीर था। इ. स. १५८३-८४ में अकबर ने फिर भी इसे गुजरात का सूबेदार बनाया था। (गुजरातनो अर्वाचीन इतिहास.)

× तदा मुदा तत्पदपद्मषट्पदोऽतिमेतखानः शुभगीरदोऽवदत् ।
इहाऽस्ति शस्ताकृतिराप्तवाग् व्रती महामतिर्हीर इति व्रतिप्रभुः ॥
— विजयप्रशस्ति, १-१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की प्रार्थना स्वीकार की और संवत् १६३८ के मार्गशिर वदि ७ के दिन गंधार बंदर से प्रस्थान किया। अहमदाबाद के श्रावक लोक सूरिजी के साथ ही चले। सूरिमहाराज, अपने मुनिधर्मानुसार, नंगे पांव-पैदल ही चलते थे। गंधार से चलकर, मही नदी को पार किया और * वटदल (जिसे आज कल वटादरा कहते हैं) नामक गाँव में पहुंचे। यहां पर खंभात (जो कि निकट ही था) का जैन समुदाय सूरिजी के दर्शनार्थ आया। दो चार दिन ठहर कर सूरिजी ने आगे प्रयाण किया और थोडे ही दिनों में अहमदाबाद पहुंचे। अहमदाबाद के लोकों ने उन का बडे भारी समारोह से नगर प्रवेश कराया। शहाबुद्दीन ने सूरिजी को शहर में आये सुन कर आदर के साथ उन्हें अपने शाहीमहल में बुलवाये। बहुत से हाथी, घोडे तथा हीरा, माणिक्य, मोती आदि बहुमूल्य चीजें सूरिजी को भेट कर बोला कि – "हे साधु महोदय! मुझे अपने स्वामी (अकबर) की आज्ञा है कि- "हीरविजयसूरिजी को जो कुछ चाहें वह भेट कर उन्हें मेरे पास आने की प्रार्थना करें।" इस लिये, आप इन चीजों को ले कर जिस तरह बादशाह मुझ पर खुश रहें वेसा कीजिए।" सूरीश्वर ने अपने मुनिजीवन का परिचय देते हुए खाँ से कहा कि–

रक्षामो जगदङ्गिनो न च मृषावादं वदामः क्वचि-
न्नादत्तं ग्रहयामहे मृगदृशां बन्धूभवामः पुनः।
आदध्मो न परिग्रहं निशि पुननाश्नीमहि ब्रूमहे
ज्योतिष्कादि न भूषणानि न वयं दध्मो नृपैतान्व्रतान् ॥
हीरसौभाग्य, ११ सर्ग, १५० श्लोक।

"हे नृप। संसार मात्र के प्राणियों की हम रक्षा करते हैं, कभी भी झूठ नहीं बोलते, किसी के दिये विना हम कोई चीज हाथ में नहीं लेते, जगत् की सभी स्त्रियों के हम भाई समान हैं, सुन्ना, चाँदी, हीरा आदि बहुमूल्य वस्तु का हम स्वीकार नहीं करते, न कभी रात को कोई चीज मुंहमें डालते, न किसी आभूषण को छूते हैं और नाही, अपने निर्वाह या स्वार्थ के कारण मंत्र, तंत्र या मुहूर्तादि बताते हैं। ऐसी दशामें तुमारी भेट की हुई इन चीजों को ले कर हम

---

* क्रमाद् वटदले फुल्लाम्भोजे भृङ्ग इवागमत्।
स्तंभतीर्थस्य सङ्घेन तस्मिन्प्रभुरवन्द्यत ॥
हीरसौभाग्य, स. ११, श्लो. १०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्या करें ?'' खां, सूरिजी के इन कठोर नियमों का हाल सुन कर चकित हुआ और बहुत बहुत उन की प्रशंसा करने लगा।

एते निःस्पृहपुङ्गवा यतिवराः श्रीमत्खुदारूपिणो
दृश्यन्तेऽत्र न चेदृशाः क्षितितले दृष्टा विशिष्टाः क्व चित्।
एवं तेन तदीयमृद्गलभटैः सम्यक् स्तवं प्रापिता
वाद्याडम्बरपूर्वकं निजगृहात् साध्वाश्रमे प्रेषिताः॥

जगद्गुरु काव्य, १३९।

ये साधु महोदय निःस्पृहियों- त्यागियों में शिरोमणि और साक्षात् खुदा की मूर्ति है। इन के जैसा त्यागी महात्मा आज तक कहीं नहीं देखा। इस तरह का विचार कर खां ने, अपने सैनिकों के साथ, शाही बाजों के बजते हुए, सूरिमहाराज को, स्वस्थान पर पहुंचाये।

कुछ दिन अहमदाबाद में ठहर कर, जो दो आदमी अकबर का फरमान ले कर आये थे उन्हीं के साथ सूरिजी ने फतहपुर की तर्फ प्रयाण किया [+]। रास्ते में सबसे बडा शहर पहले पट्टन आया। यहां पर सूरिजी के बडे सहाध्यायी और प्रखर पंडित उपाध्याय श्रीधर्मसागरजी तथा प्रधान पट्टधर श्रीविजयसेनसूरि आदि विशाल साधुसमुदाय सूरिजी के दर्शनार्थ उपस्थित हुआ। एक श्राविकाने इस शुभ प्रसंग पर हजारों रुपये खर्च कर बडा भारी उत्सव किया और कुछ जिनप्रतिमायें सूरिजी के हाथ से प्रतिष्ठित कराईं। पट्टन में केवल ७ रोज ठहर कर सूरिमहाराज आगे चले। धर्मसागरजी उपाध्याय को संघ की संभाल रखने के लिये यहां पर रक्खे गये। विजयसेनसूरि, सिद्धपुर तक सूरिजी को पहुंचाने को गये और बाद में वापस लौटे। सिद्धपुर में, इस कृपारसकोश के कर्ता शांतिचन्द्र पंडित सूरिजी की सेवा में हाजर हुए जिन्हें अतियोग्य समझ कर सूरिजीने अपने साथ में लिये। महोपाध्याय श्री विमलहर्षगणि, जो गंधार ही से सूरिजी के साथ थे, उन को अपने पहले अकबर से मिलने के लिये जल्दी के साथ, आगे रवाना किये। सूरिजी धीरे धीरे चलते हुए सरोतरा ग्राम में पहुंचे। यहां का ठाकुर अर्जुन, जो बडा डाकू

[+] सूरिराजोऽथ संप्रस्थितस्तत्पुरान्मेवडाभ्यां पुरोगामुकाभ्यां युतः।
— हीरसौभाग्य, १२-१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

था, सूरिजी को अपने मकान पर ले जा कर उन का खूब आदर- सत्कार किया। सूरिजी ने उसे मीठा धर्मोपदेश दिया जिस से उस ने शिकार वगैरह कुव्यसनों का सर्वथा त्याग कर दिया। सूरिजी आबू-पहाड पर के प्रसिद्ध मंदिरों की यात्रा कर सिरोही पहुंचे। यहां का राजा सुलतान-सिंह बडे समारोह के साथ सूरिजी की पेशवाई में सामने आया और सारे नगर को खूब अच्छी तरह सजा कर खूब धूम-धाम से आचार्य-महाराज का प्रवेशोत्सव कराया। कुछ दिन ठहर कर सिरोही से आचार्य महाराज सादडी नगर को पहुंचे। महोपाध्याय कल्याणविजयजी जो दक्षिण की ओर विचरते थे, सूरिजी को फतहपुर की तरफ जाते सुन कर, यहां पर दर्शनार्थ हाजर हुए। यहां से गमन कर सूरिजी राणपुर के धरणविहार की यात्रा कर आउआ नामक स्थान में पहुंचे। इस गॉव का मालिक जो ताल्हा सेठ था, उस ने आडंबर पूर्वक सूरिजी का शहर - प्रवेश कराया। जितने आदमी सूरिजी की आगेवानी में गये थे उन सब को, ताल्हा सेठ ने एक एक पिरोजी सिक्का -जो उस समय वहां पर रूपये की जगह व्यवहार में लाया जाता था - भेट दिया। कल्याणविजय उपाध्याय, जो सादडी से यहां तक आचार्य महाराज को पहुंचाने आये थे, वापस लौटे। आउआ से चल कर कुछ ही दिन में सूरिजी मेडतानगर को पहुंचे। यहां का सुलतान सादिम सूरिजी की पेशवाई में आया। विमलहर्ष उपाध्याय जिनको सूरिजी ने, सिद्धपुर से, अपने पहले अकबर से मिलने के लिये आगे भेजे थे, वे किसी कारण वश यहां पर ठहरे हुए थे, आचार्य महाराज से मिले। नागोर और बीकानेर शहरों के संघ सूरिजी को वंदन करने के लिये आये। विमलहर्ष उपाध्याय को सूरिजी ने आगे जाने की आज्ञा दे कर पंडित सिंहविमलगणि के साथ, जल्दी से रवाना किये और आप धीरे धीरे वहां से फतहपुर की तरफ बढने लगे। सूरिमहाराज सांगानेर स्थान पर पहुंचे जितने में तो उपाध्यायजी अकबर को आचार्यजी के आगमन की सूचना दे कर वापस आये और सूरिजी की सेवामें दाखल हुए।

बादशाह को सूरिमहाराज के सांगानेर पहुंचने की खबर मिलते ही तुरन्त उसने थानसिंह, अमीपाल और मानू शाह आदि राजमान्य जैन साहुकारों को आज्ञा दी कि– सूरिमहाराज की अगवानी बडे भारी ठाट-माट से की जाय। बादशाह का हुक्म होते ही बडे बडे अफ़सर और धनाढ्य जैन अनेक हाथी, घोडे, रथ और फौज ले कर सूरिजी के सामने सांगानेर पहुंचे। सूरिजी उन के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साथ साथ फतहपुर के पास पहुंचे और शहर के बहार जगमल कछवाहा के महल में उस दिन ठहरे। कोई छः महिने की मुसाफिरी कर, संवत् १६३९ के ज्येष्ठं वदि १३ शुक्रवार के दिन सूरिजीमहाराज फतहपुर पहुंचे। दूसरे दिन सवेरे ही अपने विद्वान् और तेजस्वी शिष्यों के साथ सूरिजी शाही दरबार में गये। इस समय मुनीश्वरजी के साथ– सैद्धान्तिक– शिरोमणि महोपाध्याय श्रीविमलहर्षगणि, अष्टोत्तरशतावधान विधायक और अनेक नृपमनरंजक श्रीशांतिचंद्रगणि, पंडित सहजसागरगणि, हीरसौभाग्य- महाकाव्य के कर्ता के गुरु श्रीसिंहविमलगणि, वक्तृत्व और कवित्व कला में अद्वितीय निपुण तथा विजयप्रशस्तिमहाकाव्य के रचयिता पंडित श्रीहेमविजयगणि, वैयाकरण चूडामणि पंडित लाभविजयगणि और सूरिजी के प्रधानभूत श्रीधनविजयगणि आदि १३[§] प्रधान शिष्य थे।

थानसिंह ने जा कर अकबर को सूरिजी के दरबार में आने की सूचना दी। बादशाह उस समय किसी अत्यावश्यकीय कार्य में गूंथा हुआ था इस लिये उसने अपने प्रिय–प्रधान शेख अबुलफजल को बुला कर सूरिमहाराज के आतिथ्य-सत्कार करने की आज्ञा दी। शेख ने सूरिजी के पास आ कर अकबर की आज्ञा के विषय में निवेदन किया और अपने महल में पधारने के लिए सूरिजी से प्रार्थना की। सूरिमहाराज उस के महल में पधारे और अपने योग्य उचित स्थान पर शेख की अनुज्ञा ले कर बैठ गये।

अबुल-फजल ने प्रथम बडी नम्रता के साथ सूरिजी से कुशल प्रश्नादि पूछे; और बाद में धर्मसंबंधी बातें पूछने लगा। कुरान और खुदा के विषय में उस ने अनेक सवाल जवाब किये जिन का बडी योग्यता के साथ, युक्तिसंगत प्रमाणों द्वारा सूरिमहाराज ने खंडनात्मक जवाब दिया[†]। सूरिमहाराज के विचार सुन कर अबुल-फजल बडा खुश हुआ और बोला कि "आप के कथन से तो यही सिद्ध होता है कि, हमारे कुरान में बहुत सी तथ्येतर बातें लिखी हुई हैं *।"

[§] देखो, विजयप्रशस्ति-काव्य के ९ वें सर्ग के २८ वें काव्य की टीका।

[†] इन शंका-समाधानों का उल्लेख "हीरसौभाग्य-महाकाव्य" के, १३ वें, सर्ग में, बडे विस्तार के साथ किया गया है। जिज्ञासु पाठक वहां से देख लेवें।

* इदं गदित्वा विरते व्रतीन्द्रे शेखः पुनर्वाचमिमामुवाच।
विज्ञायते तद्बहुगर्ह्यवाचि वीचीव तथ्येतरता तदुक्तौ॥
हीरसौभाग्य, १३-१४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बातों ही बातों में मध्याह्न का समय हो गया। शेख सूरिजी से कहने लगा :- "महाराज ! भोजन का समय हो चुका है। यद्यपि आप जैसे निरीह महात्माओं को शरीर की बहुत कम दरकार रहती है तो भी जगत् की भलाई के लिये थोडा बहुत इस का पोषण करना आवश्यक है। इस लिये किसी उचित प्रदेश में बैठ कर आप भोजन कर लीजिये।" शेख के कथन से सूरिजी पास ही में जो कर्णराजा का महल था उस में भोजन करने के लिये गये, जहां पर पहले ही कुछ साधु, गॉव में से भिक्षाचरी कर लाये थे। सूरिजी सदैव एक ही बार आहार लिया करते थे और वह भी प्रायः नीरस।

अपने कार्य से निवृत्त हो कर बादशाह दरबार में आया और सूरिजी को बुलाने के लिये अबुल-फजल के पास नौकर को भेजा। अबुल-फजल सूरिमहाराज को साथ में ले कर दरबार में हाजर हुआ। सूरिजी को आते देख कर अकबर अपने सिंहासन से उठा और कुछ कदम सामने जा कर बडे भाव से प्रणाम किया। बादशाह के साथ उस के तीनों पुत्रों- शेख सलीम, मुराद और दानियाल--ने भी तद्वत् नमस्कार किया। सूरिजी ने सब को शुभाशीर्षे दीं। "गुरुजी ! चंगे तो हो +" यह कह कर बादशाह ने सूरिजी का हाथ पकडा और अपने खास कमरे में ले गया। वहां पर कीमती गालिचे बिछे हुए थे इस लिये सूरिजी ने उन पर पैर रखने से इनकार किया। बादशाह को इस बात पर आश्चर्य हुआ और उस का कारण पूछा। सूरिजी ने कहा कि - "महाराज ! शायद इन के नीचे कोई चूंटी वगैरह प्राणि हों तो मेरे पैर के वजन से वे दब कर मर जायँ इस लिये हमारे शास्त्रों में मुनियों को ऐसे वस्त्राछन्न- प्रदेश पर पैर रखने की मनाई की गई है !" बादशाह ने सोचा कि ये महात्मा- पुरुष हैं और शायद इन्हों ने कहीं इन बिछानों के नीचे अपनी ज्ञानदृष्टि से प्राणियों का अस्तित्व जान तो न लिया हो। क्यों कि नहीं तो ऐसी पक्की जमीन पर चूंटियों वगैरह का संभव ही कैसे हो सकता है ? अकबर ने गालिचे का एक शिरा उठाया तो दैवयोग से उस के नीचे बहुत सी चूंटियें नज़र पडी ! बादशाह

+ चङ्गा हो गुरुजीति वाक्यचतुरो हस्ते निजे तत्करम्
कृत्वा सूरिवरान्निनाय सदनान्तर्वस्त्ररुद्धाङ्गणे।
तावच्छ्रीगुरवस्तु पादकमलं नारोपयन्तस्तदा
वस्त्राणामुपरीति भूमिपतिना पृष्टाः किमेतद् गुरो !।

जगद्गुरु काव्य, १६८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चकित हो गया। मुनीश्वर के उक्त वचन ने उस के दिल में बडा गहरा प्रभाव डाला। उस ने वहीं पर सुवर्णासन (सोने की खुर्सी) रखवाया और सूरिजी से उस पर बैठने की प्रार्थना की। सूरिमहाराज ने यह कर कि - "हम लोक किसी प्रकार के धातु का स्पर्श नहीं कर सकते" उस पर भी बैठने की अनिच्छा प्रदर्शित की। खैर; वहीं पर शुद्ध और कोरी जमीन पर अपना ही एक छोटा सा ऊन का कपडा बिछा कर सूरिजी बैठ गये। बादशाह भी उन के सामने वहीं गालिचे पर बैठ गया। अबुल-फजल और थानसिंह आदि अन्यान्य सभ्य भी अपने अपने उचित स्थान पर बैठ गये। अकबर ने सूरिजी से कुशल- प्रश्नादि पूछे और अपनी तर्फसे जो तकलीफ दी गई उस की माफी मांगी। सूरिमहाराज ने उचित वाक्यों द्वारा उस के आमंत्रण का समर्थन किया। बादशाहने पूछा कि आप कहां से और किस हालत से चले आ रहे हैं ? जवाब में सूरिजी ने कहा, कि- "आप की इच्छा के कारण हम गुजरात के गंधार बंदर से पैदल ही चले आ रहे हैं।" बादशाह यह सुन कर दंग हुआ और बोला कि- *"अहो। मेरे लिये ऐसी वृद्धावस्था में, इतनी दूर से और इतने दिनों से आप चले आ रहे हैं, तथा ऐसा कठिन कष्ट उठा रहे हैं ? क्या गुजरात के मेरे सूबेदार शहाबुद्दीन अहमदा खां ने अपनी कृपणता के कारण आप को सवार होने के लिये कोई सवारी वगैरह भी नहीं दी*। मुनीश्वर ने कहा - "उन्हों ने तो सब कुछ देना चाहा था परंतु हम अपने नियमानुसार ऐसी एक भी कोई चीज़ नहीं ले सकते।" बादशाह विस्मित हो कर थानसिंह की ओर देखने लगा और बोला कि- "थानसिंह ! मैं तो महात्मा के इस जगद्विलक्षण और अति कठिन जीवन से अनभिज्ञ था परंतु तू तो अच्छी तरह परिचित था। तो फिर मुझ को पहले ही- सूरिमहाराज को इधर का आमंत्रण देने के समय में ही - ये सब बातें क्यों न जना दीं जिस से इन महात्माओं को अपने पास बुलाने का इतना कठिन कष्ट न दिया जाता और इन की आत्म-समाधि में नाहक का विघ्न डालकर मैं पाप का हिस्सेदार भी न बनता !" थानसिंह, अकबर के मुंह के सामने टगर टगर देखने लगा और इस का क्या उत्तर दिया जायँ यह सोचने लगा। कुछ ही मिनिट

---

* भूपोऽप्युवाचेति न साहिबाख्यखानेन युष्मभ्यमदायि किञ्चित्।
तुरङ्गामस्यन्दनदन्तियानजांबूनदाद्यं दृढमूष्टिनेव ॥ १८६ ॥
हीरसौभाग्य, १३ सर्ग।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बाद, बादशाह स्वयं फिर- थानसिंह को उद्दिश्य कर- बोला कि - "हॉ, मैं तेरी बनियासाई बाजी समझ गया हूं। तू ने खुद अपना मतलब साधने के इरादे से, इन बातों से मुझे अज्ञान रक्खा है। क्यों कि सूरिमहाराज आज तक कभी इधर नहीं आये इस लिये उन की सेवाशुश्रूषा करने का महान लाभ तेरे जैसे गुरु-भक्त को नहीं मिला। मेरे बुलाने से जो सूरिमहाराज का इधर आगमन हों और जिस का लाभ विशेष कर तूझे और तेरे जातिभाईयों को मिले, तो इस से अधिक सौभाग्य की बात, तुमारे लिये, और क्या हो सकती है ?" बादशाह के इन वचनों से सारा ही सभा-मण्डल खुश खुश हो गया।

अकबर ने सूरिजी से रास्ता का हाल जानना चाहा परन्तु उस का ठीक उत्तर उन की ओर से न मिलता देख, पास के किसी अधिकारी को पूछा कि "'सूरिमहाराज को लेने के लिये कौन आदमी गये थे ? - जो गये हो उन्हें यहां बुलाओ।" अधिकारी ने जवाब दिया कि - "हुजूर मौन्दी और कमाल नाम के, आप के खुद दूत गये थे । बुलाने पर वे तुरन्त हाजर हुए। बादशाह ने उन से सूरिमहाराज की सारी मुसाफिरी का हाल पूछा। उन्हों ने क्रम से, संक्षेप में, वे सब बातें कह सुनाई जो सूरिजी के साथ चलते हुए रास्ते में उन्हों ने अनुभूत की थीं। वे बोलेः- "हुजूर। ये महात्मा, आज कोई लगभग छः महिने हुए गंधार- बंदर से पैदल ही चले आ रहे हैं। अपना जितना सामान है सारा आप ही उठा कर चलते हैं। और किसी को नहीं देते। भिक्षा, गॉव में से, घर घर से. मांग लाते हैं और जेसा मिला वैसा खा लेते हैं। अपने निमित्त बनी हुई किसी चीज को छूते तक भी नहीं। सदा नीचे जमीन पर ही सोते हैं। रात को कोई भी वस्तु मुंह में नहीं डालते। चाहे कोई इन्हें पूजे और चाहे कोई गालियां दे, इन के मन दोनों समान हैं। ना किसे कभी वर देते हैं और नाही कभी शाप।" इत्यादि बातें सुन कर अकबर के साथ सारा ही दरबार आश्चर्य और आनंद में निमग्न हो गया। अकबर सूरिमहाराज पर मुग्ध हो गया और अनेक प्रकार से उन की प्रशंसा करने लगा।

× मौन्दी–कमालाविति नामधेयौ निदेशतः शासनहारिणौ वः।
इतोऽजिहातामिव मूर्तिमन्तौ लेखौ वलेखाविव कामचारौ ॥

हीरसौभाग्य काव्य, १३—२०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस तरह परस्पर आलाप-संलाप होने के बाद अकबर अकेले सूरिजी को एकान्त- महल में ले गया और अन्यान्य सभ्यों को, शांतिचन्द्र आदि मुनिवरों के साथ विद्वद्गोष्ठी करने की आज्ञा दे गया। उस एकान्त – भवन में सूरिमहाराज ने अकबर को अनेक प्रकार का धर्मोपदेश दिया। ईश्वर, जगत्, सुगुरु और सद्धर्म के विषय में भिन्न भिन्न दृष्टि से सूरिजी ने अपने विचार प्रदर्शित किये जिस से अकबर के दिल में बहुत कुछ संतोष हुआ। अभी तक तो वह सूरिजी के चारित्र पर ही मुग्ध हो रहा था परन्तु अब तो उन की विद्वत्ता का भी वह क़ायल हुआ। धर्म संबंधी बातचीत हो चूकने पर, अकबर ने सूरिजी की परीक्षा करने के लिये पूछा कि "महाराज ! आप सर्वशास्त्र के पारगामी हैं- आप से कोई बात छीपी नहीं है। इस लिये कृपा कर कहिए कि- मेरी जन्म कुंडलि में, मीन राशि पर जो शनैश्चर आया हुआ है, उस का मुझे क्या फल होगा।*" सूरिजी बोलेः - "पृथ्वीश ! यह फलाफल बताने का काम गृहस्थों का है। जिन्हें अपनी आजीविका चलानी होती है वे इन बातों का ज्ञान प्राप्त करते हैं। हमें तो केवल मोक्ष मार्ग के ज्ञान की अभिलाषा रहती है जिस से वह जिन शास्त्रों से प्राप्त हो सकता हों। उसी के विषय में हमारा श्रवण, मनन और कथन हुआ करता है ।" अकबर ने अनेक वार इस प्रश्न का उच्चारण किया परंतु सूरिजी इसी एक उत्तर के सिवा और कुछ भी अक्षर नहीं बोले। सायंकाल का समय हो आया देख कर बादशाह और मुनीश्वर अपने स्थान से ऊठे और सभा मंडप में पहुंचे। इधर भी शेख अबुल-फजल और अन्यान्य विद्वान् सूरिजी के शिष्यों के साथ अनेक प्रकार के वार्ता-विनोद और धर्म-विवाद कर आनन्दित हो रहे थे। नृपति और मुनिपति के आते ही सब मौन हुए। बादशाह ने अबुल-फजल को लक्ष्य कर सूरिजी की विद्वत्ता, निःस्पृहता और पवित्रता की बहुत बहुत सराहना की। शेखने भी सूरिमहाराज के शिष्यों की बडी तारिफ की। सभा में बादशाह ने सूरिजी के शिष्यों की संख्या पूछी

---

* पुरेऽनयीवावनिमानुपेयिवान् य एष मीने तरणेस्तनूरुहः।
स मत्सरीवापकरिष्यति प्रभो क्षितेः पतीनामुत नीवृतां किमु ॥

× गुरु र्जगौ ज्यौतिषिका विदन्त्यदो न धार्मिकादन्यदवैमि वाङ्मयात्।
यतःप्रवृत्तिर्गृहमेधिनामियं न मुक्तिमार्गे पथिकीबभूवुषाम् ॥

हीरसौभाग्य काव्य, सर्ग १४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परंतु सूरि महाराज ने "हां, कुछ थोडे से हैं" कह कर अपनी विभुता नहीं बताई। बादशाह ने पहले ही सुन रक्खा था कि सूरिमहाराज के दो हजार शिष्य हैं; इस लिये उसने आप ही उतने बताये, जिस का समर्थन थानसिंहने "जी हुजूर" कह कर किया। सभा में जितने शिष्य बैठे हुए थे उन के नाम बादशाहने पूछे, जिन का उत्तर एक दूसरे शिष्य ने, एक दूसरे का नाम बता कर दिया।

पद्मसुन्दर नामक- नागपुरीय तपागच्छी- जैन यति पर, अकबर का, पूर्वावस्था में बडा प्रेम था। अकबर उसे सदा अपने पास ही रखता था। उस के पुस्तकालय में हिन्दु-और जैनसाहित्य की बहुत पुस्तकें थी। यति के मर जाने पर वे सब पुस्तकें अकबर ने अपने महल में रक्खी थीं; यह विचार कर कि जब कोई सब से अच्छा महात्मा मुझे मिलेगा तब उसे ये भेंट करूंगा। अकबर की दृष्टि में हीरविजयसूरि सर्वोच्च साधु मालूम दिये इस लिये उसने अपने बडे पुत्र युवराज सलीम सुलतान द्वारा वे सब पुस्तकें महल में से वहां पर मंगवाईं। खानखाना नामक अफसर ने पेटियों में से पुस्तकें निकाल निकाल कर बादशाह के सामने रक्खी । बादशाह ने सूरिजी से, पुस्तकों का पूर्व-इतिहास कह कर उन्हें लेने की प्रार्थना की। अकबर बोला कि- "आप सर्वथा निःस्पृह महात्मा हैं इस लिये और कोई मेरे पास ऐसी चीज नहीं है जो आप को भेंट करने योग्य हों। केवल एक मात्र ये पुस्तकें ही ऐसी हैं जो आप को ग्राह्य हों। इस लिये इन्हें स्वीकार कर मुझे उपकृत कीजिए।" सूरिजी ने पुस्तकें लेने का इनकार कर कहा कि- "राजेश्वर ! हम लोगों को जितनी पुस्तकें चाहिये उतनी तो हमारे पास हैं। फिर इन्हें, बिन जरूरत, ले कर हम क्या करें ? यह भी एक प्रकार का परिग्रह ही है परंतु आत्मसाधन में मुख्य सहायक होने के कारण इन का रखना हमारे लिये उचित है। परंतु, आवश्यकता से अधिक रखना ममत्व का कारण होने से हमें इन पुस्तकों की जरूरत नहीं है।" सूरिमहाराज के बहुत इनकार कर ने पर भी अन्त में अबुल-फजल ने बीच में पड कर उन्हें पुस्तकें लेने से बाध्य किये। सूरिजी ने उन का सादर स्वीकार कर "अकबरीय-भाण्डागार" के नाम से आगरे में रख दीं।

× गृहादथानायितमञ्जनन्मना स खानखानेन च मुक्तमग्रतः।
महीमरुत्वान्प्रमदादिवोपदां मुनीशितुर्ढौकयति स्म पुस्तकम्।

हीरसौभाग्य काव्य, सर्ग १४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समय हो जाने से सूरीश्वर ने स्वस्थान पर जाने की इजाजत मांगी। बादशाह ने थानसिंह को बुला कर कहा कि "मेरे जो खुद शाही बाजे हैं उन के साथ, बडी धूमधाम पूर्वक, मुनीश्वर को अपने स्थान पर पहुंचा दो*।" शाही हुक्म होते ही सब तैयारी की गई। शाहीफौज, बडे बडे अफ़सर और अनेक प्रकार के वादित्रों के साथ सूरिमहाराज़ अपने स्थान पर पहुंचे। जैन लोगोंने इस बात की बडी भारी खुशी मनाई और हजारों रूपयें गरीब- गुरबों को बाँट दिये गये।

कुछ दिन फतहपुर ठहर कर मुनीश्वर चातुर्मास करने के लिए आगरा को गये। संवत् १६३९ का चातुर्मास वहीं बिताया। मार्गशिर महिने में सूरिजी शोरीपुर- तीर्थ की यात्रा करने को गये। कुछ समय तक इधर उधर घूम कर फिर वापस आगरा आये। वहां पर चिंतामणि-पार्श्वनाथ की प्रतिष्ठा की। थोडे दिन ठहर कर, आगरा से फिर फतहपुर पहुँचे। सूरिजी को शहर में आये सुनकर अकबर ने फिर उन से मिलने की इच्छा प्रकट की। अबुल-फजल के महलों में, दूसरी वार सूरि महाराज मुगल-सम्राट् से मिले। घंटों तक धर्म-चर्चा होती रही। सूरिजी ने प्रजा और प्राणियों के हित के लिये बादशाह को अनेक प्रकार का सद्बोध दिया। मद्य और मांस का सेवन नहीं करने के लिये भी उपदेश दिया गया। पहली मुलाकात के समय, सूरिजी की निःस्वार्थ वृत्ति ने अकबर के दिल में जिस सद्भाव के बीज को बोह दिया था वह इस समय की मुलाकात से अंकुरित हो गया। बादशाह बोला - "मुनीश्वर ! आपने जो जो बातें मुझे, अपने हित के लिये कही हैं वे बिल्कुल ठीक है और आप के कथन का मैं अबश्य आदर करूंगा। मैंने आप को बडी दूर से, बहुत कष्ट दे कर बुलाये हैं और आपने भी अपना परोपकार-भाव, यहां आकर स्पष्ट रूप से प्रकट किया है। आपने जो जो सदुपदेश मुझे दिये हैं वे अमूल्य है; मैं आप की इस कृपा का बडा ही ऋणी- कर्जदार- हूं। मेरी यह इच्छा है कि मेरे आधिपत्य में गाँव, नगर, देश, हाथी, घोडे, सुन्ना, चांदी आदि जितनी चीजें हैं उन में से जो आप की मर्जी में आवें उसे स्वीकार कर मेरे सिर पर से इस उपकार के

---

* मदीयतूर्यादिनिनादसादरं जगज्जनानन्दिमहेन मेदुरम्।
त्वमालयं लभ्भय साधुसिन्धुरं तटं शशीवामृतवाहिनीवरम्॥
हीरसौभाग्य काव्य, १४ सर्ग।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भार को कुछ कम कीजिए। सूरिमहाराज ने कहा - "शाहन्शाह ! मेरे जीवनोद्देश और मुनिधर्म से आप बहुत कुछ परिचित हो चुके हैं इस लिये इन चीजों के लेने का मुझ से आग्रह करना निरर्थक है। मुझे इच्छा है केवल आत्म-साधन करने की। इस से यदि वैसी चीज आप मुझे दें कि जिस से मेरा आत्म-कल्याण हों, तो मैं उसे बडे उपकार के साथ स्वीकार लूंगा।" बादशाह इस के उत्तर में क्या कह सकता था ? वह चुप कर गया। अकबर को मौन हुआ देख फिर मुनि महाराज बोले - "आप मुझे जो कुछ देना चाहते हैं उस के बदले में, मेरे कथन से, जो कैदी वर्षों से कैदखानें में पडे पडे सड रहे हैं, उन अभागे पर दया ला कर, छोड दीजिए। जो बेचारे निर्दोष पक्षी बेगुनाह पींजडों में बन्ध किये गये हैं उन्हें उडा दीजिए। आप के शहर के पास जो डाबर नाम का १२ कौस लंबा चौडा तालाब है, कि जिस में रोज हजारों जालें डाली जाती है, उन्हें बंध कर दीजिए। हमारे पर्युषणों के पवित्र दिनों में आप के सारे राज्य में, कोई भी मनुष्य, किसी प्रकार के प्राणि की हिंसा न करें ऐसे फरमान लिख दीजिए।" बादशाह ने कहा - "महाराज ! यह तो आप ने अन्य जीवों के मतलब की बात कही है। आप अपने लिये भी कुछ कहें* ।" सूरिजी ने उत्तर दिया - "नरेश्वर ! संसार के जितने प्राणि हैं उन सब को मैं अपने ही प्राणों के समान गिनता हूं। इस लिये उन के हित के लिये जो कुछ किया जायगा वह मेरे ही हित के लिये किया गया है; ऐसा मैं मानूंगा।" बादशाह ने सूरिजी की आज्ञा का बडे आदर-पूर्वक स्वीकार किया। वहां बैठे ही बैठे, कैदखाने में जितने कैदी थे उन्हें छोड देने का और पींजडों में जितने पक्षी थे उन्हें उडा देने का हुक्म दे दिया। डाबर तालाब में जालें डालने की मनाई भी की गई। पर्युषणों के आठ ही दिन नहीं परंतु उन में ४ दिन बादशाह ने अपनी ओर के भी मिला कर १२ दिन तक जीववध के बंध करने के ६ फरमान लिख दिये। जिन का ब्योरा इस प्रकार हैः - १ ला सूबे गुजरात का, २रा सूबे मालवे का, ३रा सूबे अजमेर का, ४था दील्ली और फतहपुर का, ५वा लाहोर और मुलतान का तथा ६ठा पांचों सूबों का, सूरिजी के पास रखने का। बादशाह बोलाः-

---

* इयं तु पूज्येषु परोपकारिता प्रसादनीयं निजकार्यमप्यथ।
तंमूचिवानेष यदङ्गिनोऽखिलानसूनिवावैमि ततः परोऽस्तु कः ॥

हीरसौभाग्य, स. १४, श्लो. १७९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पलाशतां बिभ्रति यातुधाना इवाखिला अप्यनुगामिनो मे ।
अमारिरेषां न च रोचते क्वचिन्मलिम्लुचानामिव चन्द्रचन्द्रिका ॥
शनैः शनैस्तेन मया विमृश्य प्रदास्यमानामथ सर्वथैव ।
दत्तामिवैतामवयान्तु यूयममारिमन्तर्महतेव कन्या ॥

हीरसौभाग्य, स.१४, प.१९९-२०० ।

"मुनीश्वर ! मेरे जितने अनुगामि - नौकर हैं वे सब मांसाहारी हैं इस लिये उन्हें यह जीवहत्या के बंध कर ने की बात रुचती नहीं है इस लिये मैं धीरे धीरे, इतने ही दिन नहीं परंतु और भी अधिक दिन आप को दूंगा-अर्थात् अधिक दिनों तक जीव बध न किया जाने के फरमान लिख दूंगा । पहले की तरह अब मैं शिकार भी न करूँगा । संसार के पशु- प्राणि सुखपूर्वक मेरे राज्य में, मेरी ही तरह रहें ऐसा काम करूंगा* ।" यह कह कर बादशाहने सूरिजी की परोपकारिता की वारंवार प्रशंसा की और उन्हें "जगद्गुरु " की महान् उपाधि (पद्वी) दी । कुछ बडे बडे कैदियों को अपने पास बुला कर सूरिजीके पगों में उन का मस्तक टिकवाया और उन्हें छोडे जाने का आनंद-समाचार सुनाया । बाद में अकबर वहां से उठ कर डाबर- तालाब के किनारे गया । साथ में सूरिजी के प्रधानभूत शिष्य धनविजयजी को ले गया । वहां पर उन की समक्ष, सब पक्षियों को पीजडों में से निकाल निकाल कर आकाश में उडा दिये । सूरिजी वहां से उठ कर शाही बाजों के बजते हुए अपने उपाश्रय में पहुंचे । श्रावकों ने उस समय जो आनंद और उत्सव मनाया उस का वर्णन नहीं किया जाता । मेडतीया शाह सदारंग ने, उस खुशाली में हजारों रूपये गरीब गुरबों को और सेंकडों हाथी घोडे याचकों को दान में दे दिये । शाह थानसिंह ने अपने बनवाये हुए मंदिर में जिनप्रतिमा की प्रतिष्ठा कराने के निमित्त बडा भारी महोत्सव प्रारंभ किया । प्रतिष्ठा के साथ श्रीशांतिचंद्रजी को "वाचक (उपाध्याय)" पद भी प्रदान किया गया । थानसिंह ने उस समय अगणित द्रव्य

---

* प्राग्वत्कदाचिन्मृगयां न जीवहिंसां विधास्ये न पुनर्भवद्भत् ।
सर्वेऽपि सत्त्वाः सुखिनो वसन्तु स्वैरं रमन्तां च चरन्तु मद्भत् ॥

× गुणश्रेणी मणिसिन्धोः श्रीहीरविजयप्रभोः ।
जगद्गुरुरिदं तेन बिरुदं प्रददे तदा ॥

हीरसौभाग्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यय किया। शाह दुज्जणमल्ल ने भी एक वैसा ही दूसरा प्रतिष्ठा महोत्सव किया। उस साल का- संवत् १६४० का- चातुर्मास्य सूरीश्वरने वहीं व्यतीत किया। पर्युषणा के दिनों में शाही हुक्म से सारे राज्य में, क्या हिंदू और क्या मुसलमान ? सभी के लिये जीव वध के मनाई के ढंढोरे पीटे गये। अशक्य जैसी बात का होना देख कर सभी लोगों को आश्चर्य हुआ। जैनधर्म की करुणा का प्रचंड प्रवाह, कुछ देर के लिये, सर्वत्र फैल गया। असंख्य प्राणियों को अभय-दान मिला। जैन प्रजा को फिर एक बार परमार्हत महाराजाधिराज श्रीकुमारपाल का स्मरण हो आया।

चतुर्मासी की समाप्ति अनंतर सूरीश्वर वहां से बिदा हुए। बादशाह की इच्छा से शांतिचन्द्र उपाध्याय वहीं रक्खे गये। जगद्गुरु आगरे हो कर मथुरा गये। और वहां के प्राचीन जैन-स्तूपों की यात्रा की। मथुरा से गवालियर पहुंचे। वहां के गोपगिरि-पर्वत पर आई हुई विशाल-काय और भव्याकृति जिनमूर्ति के, जो "बावनगजा" के नाम से प्रसिद्ध है, दर्शन किये। गवालियर से जगद्गुरु अलाहाबाद पधारे और सं० १६४१ का वर्षा-समय वहीं बिताया। शीत-काल में वहां से प्रयाण कर, रास्ते में ठहरते और असंख्य मनुष्यों को सदुपदेश देते पुनः आगरा आये। सं० १६४२ के वर्षाकीय चार महिने वहीं ठहरे। सूरिजी के उपदेश से लोगों ने अनेक धर्मकृत्य और पुण्य कार्य किये जिस से जैन धर्म की बडी प्रभावना हुई। हजारों हिन्दू और मुसलमानों ने मांसाहार और मद्यपान का त्याग किया।

सूरि महाराज की अवस्था इस समय कोई ६० वर्ष की थी। शरीर-स्थिति दिन प्रतिदिन शिथिल होती देख उन्हों ने वापस गुजरात में जाना चाहा और वहां के शत्रुंजय, गिरनार आदि पवित्र तीर्थों की यात्रा कर, वहीं पर किसी पावन स्थान पर शेष जीवन व्यतीत करना चाहा। सूरीश्वर ने अपनी यह इच्छा बादशाह से जनाई और गुजरात में जाने की इजाजत मांगी। साथ में आपने एक यह अर्ज भी बादशाह से कराई कि "गुजरात में शत्रुंजय, गिरनार, आबू, तारंगा वगैरह जो हमारे बडे पवित्र तीर्थ हैं उन पर, कितनेक अविचारी मुसलमान, हम लोगों के दिल को दुःख पहुंचे वैसा हिंसादि कृत्य कर, तीर्थ की पवित्रता को भ्रष्ट करते रहते हैं और उन पर अपना अनुचित हस्तक्षेप करते रहते हैं। इस लिये बादशाह की हुजूर में अर्ज है कि इन तीर्थों के विषय में एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐसा शाही फरमान हो जाना चाहिये कि जिस से कोई भी मनुष्य, उन तीर्थों पर किसी प्रकार का अनुचित दखल और अयोग्य काम न करने पावे।" कहने की आवश्यकता नहीं कि इस अर्जी के मुताबिक, शाही फरमान के लिखे जाने में कुछ भी विलम्ब हुआ हो। बादशाह ने अपने फरमान में केवल गुजरात के तीर्थों के विषय ही में नहीं परंतु बंगाल और राजपूताना में भी समेतशिखर (पार्श्वनाथ-पहाड) और केसरीया (धूलेव) वगैरह जितने जैनश्वेताम्बर-संप्रदाय के तीर्थ हैं उन में से किसी पर भी कोई मनुष्य अपना दखल न करे और कोई जानवर वगैरह न मारे तथा ये सब स्थान जैनाचार्य श्रीहीरविजयसूरि को सौंपे गये हैं; ऐसा लेख कर दिया;- (देखो फरमान - नं.२ रा) सूरिमहाराज, अकबर की अनुमति पा कर तथा इस फरमान को ले कर, अपने शिष्यों के साथ गुजरात की तरफ रवाना हुए।

ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ

ऊपर लिखा गया है कि - जगद्गुरु ने, फतहपुर से चलते समय बादशाह की इच्छानुसार श्रीशांतिचन्द्र उपाध्याय को वहीं पर- अकबर के दरबारही में - रख दिये थे। उसी दिन से उपाध्यायजी निरंतर बादशाह के पास जाने लगे और विविध प्रकार का उसे सदुपदेश देने लगे। प्रसंग वश और भी अनेक प्रकार का वार्तालाप होने लगा। शांतिचन्द्रजी बडे भारी विद्वान् और एक ही साथ एक सौ आठ अवधान करने की अद्भुत शक्ति धारण करनेवाले अप्रतिम प्रतिभावान् थे। उन्हों ने, इस के पहले, अपनी विद्वता और प्रतिभा द्वारा राजपूताना के अनेक राजाओं का मनोरंजन किया था। बहुत से विद्वानों के साथ वाद-विवाद कर जयपताका प्राप्त की थी। ईडर- गढ के महाराय श्रीनारायण की सभा में वहां के दिगंबर भट्टारक वादीभूषण के साथ विवाद कर उसे पराजित किया था। वागड के, घटशिल नगर में, वहां के अधिपति और जोधपुर के महाराज श्रीमल्लदेव के भ्रातृव्य, राजा सहसमल्ल की सन्मुख, गुणचंद्र नामक दिगंबराचार्य को भी परास्त किया था। इस तरह अनेक नृपतियों को उन्हों ने शास्त्रार्थ और शतावधानादि द्वारा अपने प्रति सद्भाव धारण करने वाले बनाये थे। अकबर भी उन की विद्वत्ता से बडा खुश हुआ। ज्यों ज्यों उस का परिचय उपाध्यायजी से अधिक होता गया त्यों त्यों वह उन पर विशेष अनुरक्त होता गया। बादशाह के सौहार्द और औदार्य से प्रसन्न हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर उपाध्यायजी ने उस की प्रशंसा में इस "कृपारसकोश" की रचना की। १२८ पद्य के इस छोटे से काव्य में, अकबर के शौर्य, औदार्य और चातुर्य आदि गुणों का संक्षेप में, परन्तु बडी मार्मिकता से, वर्णन किया गया है। अकबर इस कृपारस का श्रवण द्वारा पान कर बहुत तृप्त हुआ। इस तृप्ति के उपलक्ष्य में, उस ने हीरविजयसूरि की जगत् की भलाई के वास्ते जो जो शुभ इच्छायें थी वे सब, उपाध्यायजी के कथन से, पूर्ण कीं। इस ग्रंथ के, अंत के, १२६-७ वें पद्यों में स्पष्ट लिखा है कि "इस बादशाह ने जो जजिया कर माफ किया, उद्धत मुगलों से जो मंदिरों का छुटकारा हुआ, कैदमें पडे हुए कैदी जो बंधन रहित हुए, साधारण राजगण भी मुनियों का जो सत्कार करने लगा, साल भर में छः महिने तक जो जीवों को अभयदान मिला और विशेषकर, गायें भैंसें बेल और पाडे आदि जो पशु कसाई की छुरि से निर्भय हुए; इत्यादि शासन की- जैनधर्म की समुन्नति के जगत्प्रसिद्ध जो जो कार्य हुए उन सब में यही ग्रंथ (कृपारस कोश) उत्कृष्ट निमित्त हुआ है - अर्थात् इसी ग्रंथ के कारण उपर्युक्त सब कार्य बादशाहने किये हैं।" १२१ वें पद्य का

भूयस्तरां परिचितेर्विदितस्वभावः
स्वामी नृणामयमयाचि मया कृपार्थम्।

यह पूर्वार्द्ध खास ध्यान खींचने लायक है। उपाध्यायजी कहते हैं कि- मैंने बादशाह के पास इन सुकृत्यों की जो याचना की है वह एकदम नहीं की। मेरा बादशाह से बहुत बहुत परिचय हुआ और मैंने उस के स्वभाव को ठीक ठीक जान लिया। जब बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ और मैंने यह निश्चित कर लिया कि इस समय इस से जो कुछ कहा जायगा वह स्वीकार करेगा तब, मैंने उस के पास प्राणियों के हित के लिये, इन बातों की याचना की।

बादशाह के ये सब कार्य कर देने पर, सूरिजी को इन की खुश खबर देने के लिये तथा उन के दर्शन करने के लिये उपाध्यायजी ने अकबर से गुजरात में जाने की इजाजत मांगी। शांतिचन्द्रजी ने, अपने ही समान विद्वान् और अपने खास सहाध्यायी भानुचन्द्र नामक पंडित को अकबर के दरबार में छोड कर, आप गुजरात को रवाना हुए। फतहपुर से चल कर कुछ महिनों की मुसाफिरी बाद उपाध्यायजी पट्टन पहुंचे और वहां पर जगद्गुरु के दर्शन किये। बादशाह के उन सब सुकृत्यों का हाल, जो उस ने उपाध्यायजी के कथन से किये थे,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूरिजी को कह सुनाया और वे फरमान पत्र भी उन के चरणों में भेंट किये जिन में जजिया कर के उठा देने का तथा वर्ष भर में छः महिने जितने दिनों तक जीव वध के न किये जाने का हाल और हुक्म था। सूरिजी को यह जानकर जितनी खुशी हुई उस का उल्लेख करने की इस लेखिनी में ताकत नहीं। वे उपाध्यायजी पर बडे प्रसन्न हुए और उन के इन कार्यों की बहुत बहुत प्रशंसा करने लगे। जो जो दिन जीव-वध के लिये निषिद्ध किये गये उन का जिक्र "हीरसौभाग्य-काव्य" (सर्ग १४) में इस प्रकार किया हुआ है -

श्रीमत्पर्युषणादिना रविमिताः सर्वे रवेर्वासराः
सोफीयानदिना अपीदविसाः संक्रान्तिघस्राः पुनः।
मासः स्वीयजनेर्दिनाश्च मिहिरस्यान्येऽपि भूमीन्दुना
हिन्दुम्लेच्छमहीषु तेन विहिताः कारुण्यपुण्यापणाः॥
तेन नवरोजदिवसास्तनुजजनू रजबमासदिवसाश्च।
विहिता अमारिसहिताः सलतास्तरवो घनेनैव॥

अर्थात् - पर्युषणा के १२ दिन, सभी रविवार, सोफीयान के दिन, ईद के दिन, संक्रान्ति के दिन, बादशाह के जन्म का सारा महिना, मिहिर के दिन, नवरोज के दिन और कुछ रजब महिने के दिन। इन सब दिनों की गिनती की जाय तो, सब मिल कर छः महिने जितने होते हैं।

महोपाध्याय श्रीधर्मसागरगणि ने भी अपनी "तपागच्छ- गुर्वावली" - जो संवत् १६४८ के आसपास बनाई गई है- में यह बात संक्षेप में परन्तु, स्पष्ट रूप से लिखी है-

"अथ पुरा श्रीसूरिराजै; श्रीसाहिहृदयालवालारोपिता कृपालतोपाध्याय श्रीशान्तिचन्द्रगणिभिः स्वोपज्ञकृपारसकोशाख्यशास्त्रश्रवणजलेन सिक्ता सती वृद्धिमती बभूव। तदभिज्ञानं च श्रीमत्साहिजन्मसम्बन्धी मासः, श्रीपर्युषणापर्वसत्कानि द्वादशदिनानि, सर्वेऽपि रविवासराः, सर्वसंक्रान्तितिथयः, नवरोजसत्को मासः, सर्व ईदीवासराः, सर्वे मिहिरवासराः, सोफीआनवासराश्चेति षाण्मासिकामारिसत्कं फुरमानं, जीजीआभिधानकरमोचनसत्कानि फुरमानानि च श्रीमत्साहिपार्श्वात्समानीय धरित्रीदेशे श्रीगुरूणां प्राभृतीकृतानीति। एतच्च सर्वं जनप्रतीतमेव।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपाध्याय श्रीशांतिचन्द्रजी के चले आने बाद भानुचंद्र और सिद्धिचंद्र- दोनों गुरु शिष्य - (जो बाणभट्ट की विश्वविख्यात कादंबरी के प्रसिद्ध टीकाकार हैं) अकबर के दरबार में रहे और शांतिचंद्र ही के समान बादशाह से सम्मानित हुए। भानुचंद्र ने अकबर को "सूर्यसहस्रनाम" पढाया। सिद्धिचंद्र भी शांतिचंद्र ही के समान शतावधानी थे इस से इन की प्रतिभा के अद्भुत प्रयोग देखकर बादशाह ने इन्हें "खुशफहेम" की मानप्रद पदवी दी। ये फारसी- भाषा के भी अच्छे विद्वान् थे इस लिये और भी बहुत से अकबर के दरबारियों के साथ इन की अच्छी प्रीति हो गई थी। इन गुरु-शिष्यों द्वारा विजयसेनसूरि, जो हीरविजयसूरि के उत्तराधिकारी आचार्य थे, की विद्वत्ता का हाल सुन कर अकबर ने उन्हें मिलने के लिये लाहोर बुलवाये। अकबर का यह आमंत्रण आया तब ये जगद्गुरु के साथ गुजरात के राधनपुर शहर में वर्षाकाल रहे हुए थे। हीरविजयसूरि ने इन्हें लाहोर जाने की आज्ञा दी और तदनुसार विहार कर वे वहां पहुंचे। बादशाह ने इन का भी यथेष्ट सन्मान किया और मुलाकात ले कर बडा खुश हुआ। लाहोर में इन्हों ने अकबर के आग्रह से, भानुचंद्रजी को उपाध्याय - पद प्रदान किया। इस पद्वी के महोत्सव में श्रावकों ने बडा भारी जलसा किया जिस में शेख अबुल-फजल ने भी ६०० रूपये और कितने ही घोडे आदि याचकों को दान में दिये।

श्रीमत्सूरिवरो व्यधत्त वसुधावास्तोष्प-
तेरागग्रहेणोपाध्यायपदस्य नन्दिमनघां श्रीभानुचंद्रस्य सः।
शेखो रूपकषट्शतीं व्यतिकरे तत्राश्वदानादि-
भिर्भक्तश्राद्ध इवार्थिनां प्रमुदितो विश्राणयामासिवान् ॥

हीरसौभाग्य।

